सत्यमेव जयते

**असंशोधित**

# बिहार विधान–सभा वादवृत्त

## सरकारी प्रतिवेदन

## 08 मार्च, 2022

श्री सुनील कुमार, मंत्री : जरूर महोदय । धन्यवाद ।

<u>सभा मेज पर कागजात का रखा जाना</u>

अध्यक्ष : माननीय मंत्री, वाणिज्य कर विभाग ।

श्री तारकिशोर प्रसाद, उप मुख्यमंत्री : अध्यक्ष महोदय, मैं बिहार पेशा, व्यापार, आजीविका एवं कार्य नियोजन कर अधिनियम, 2011 की धारा-18(2) के अधिसूचना संख्या- एस0ओ0-68, दिनांक- 13.01.2022 तथा बिहार माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा-166 के तहत अधिसूचना संख्या- एस0ओ0-69, 70, दिनांक- 21.01.2022, एस0ओ0- 162, 163, 164, 165, दिनांक- 06.12.2021, एस0ओ0-166, दिनांक- 22.12.2021, एस0ओ0-167, 168, 169, दिनांक- 30.12.2021, एस0ओ0-170 एवं 171, दिनांक - 31.12.2021 की एक-एक प्रति सदन पटल पर रखता हूँ ।

टर्न-11/हेमन्त/08.03.2022

अध्यक्ष : बिहार पेशा, व्यापार, आजीविका एवं कार्य नियोजन कर अधिनियम, 2011 की धारा-18(2) के अधिसूचना संख्या- एस0ओ0-68, दिनांक-13.01.2022 की प्रति सदन पटल पर 14 दिनों तक तथा बिहार माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा-166 के तहत अधिसूचना संख्या- एस0ओ0-69, 70 दिनांक-21.01.2022; एस0ओ0- 162, 163, 164, 165, दिनांक-06.12.2021; एस0ओ0-166, दिनांक-22.12.2021; एस0ओ0-167, 168, 169, दिनांक- 30.12.2021; एस0ओ0-170 एवं 171, दिनांक-31. 12.2021 की प्रति सदन पटल पर 30 दिनों तक रखी रहेगी ।

अब शेष शून्यकाल लिये जायेंगे । श्री अवध विहारी चौधरी ।

(व्यवधान)

<u>शेष शून्यकाल की सूचनाएं</u>

एक मिनट, महिला दिवस है तो महिलाओं का पहले देख लेते हैं ।

श्रीमती विभा देवी ।

श्रीमती विभा देवी : अध्यक्ष महोदय, नवादा जिलान्तर्गत केंद्रीय पुस्तकालय भवन की स्थिति जर्जर है ।

अतएव जनहित में निर्माण हेतु राशि अविलंब उपलब्ध करायी जाय ।

श्रीमती भागीरथी देवी : अध्यक्ष महोदय, बेतिया जिलान्तर्गत प्रखंड रामनगर के पंचायत बनकटवा करमहिया तथा नौरंगिया दोनों की सड़कें जीणशीर्ण की अवस्था में हैं । मैं सरकार से मांग करती हूं कि दोनों पंचायतों की सड़कों की मरम्मति की जाय ।

श्रीमती मंजु अग्रवाल : अध्यक्ष महोदय, शेरघाटी विधान सभा अंतर्गत कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल शेरघाटी के द्वारा वित्तीय वर्ष 2019-20, 2020-21 एवं 2021-22 एवं 2021-22 में निष्पादित किये गये निविदाओं में प्राय: अधिकतर निविदा केवल दो ही निविदाकार को सफल किया जाता है । इसकी जांच की मांग करती हूं ।

श्रीमती गायत्री देवी : अध्यक्ष महोदय, आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है और आपने शून्यकाल में महिलाओं को बोलने के लिए, पुरुष से पहले बोलें इसके लिए मैं बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं ।

अध्यक्ष महोदय, सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखण्ड अंतर्गत परिहार से भीसवा पथ निर्माण की 11 किलोमीटर सड़क जो प्रखण्ड मुख्यालय से होकर गुजरती है, बुरी तरह खराब एवं जल जमाव से ग्रसित है ।

अत: सीतामढ़ी जिला के परिहार से भीसवा सड़क बनाने एवं जल जमाव से मुक्ति दिलाने की मांग सरकार से करती हूं ।

श्रीमती ज्योति देवी : माननीय अध्यक्ष महोदय, हम लोगों के सम्मान में आपने जो शब्द कहा है, हम लोगों को समय दिया इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद ।

अध्यक्ष महोदय, गया जिला अंतर्गत प्रखंड-मोहनपुर में मटिहानी एवं टेशवान (कब्रिस्तान) घाट के बीच मुहाने नदी पर पुल नहीं है । जिसके चलते आम जन को घोर कठिनाई का सामना करना पड़ता है । अति महत्वपूर्ण एवं जनहित में पुल निर्माण कराने की मांग सरकार से करती हूं ।

श्रीमती रश्मि वर्मा : अध्यक्ष महोदय, बहुत-बहुत धन्यवाद । आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हम सभी को प्राथमिकता देने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद ।

अध्यक्ष महोदय, मेरे विधान सभा क्षेत्र नरकटियागंज से आजादी के बाद से सरकारी बस का परिचालन नहीं हुआ है । मैं सदन के माध्यम से सरकारी बस चलाने की मांग करती हूं ।

श्री अवध विहारी चौधरी : अध्यक्ष महोदय, सिवान जिलान्तर्गत चकरा मझवलिया के बीच अन्डरग्राउण्ड रेल समपार एवं सिवान कचहरी रेलवे स्टेशन से थावे जं0 जाने वाली रेल पर ग्राम- छोटपुर में अन्डरग्राउण्ड रेल समपार है, जिसमें जल जमाव है जिसके कारण

कठिनाई होती है । सरकार से मांग करता हूं कि पूर्वोत्तर रेलवे समपार का जीर्णोद्धार करावे ।

श्री भूदेव चौधरी : अध्यक्ष महोदय, बांका जिलान्तर्गत बाराहाट प्रखंड के अन्तर्गत बिक्रमपुर मोड़ के पास सुखनिया नदी में पूर्व से बना (टेटमवाल) बीयर क्षतिग्रस्त हो गया है, जिससे लगभग तीन हजार हेक्टेयर जमीन सिंचाई से वंचित है ।

अतएव किसानों के हित में क्षतिग्रस्त बीयर की मरम्मति कराने की मांग करता हूं ।

श्री इजहारूल हुसैन : अध्यक्ष महोदय, बिहार प्रदेश में माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत रात्रि प्रहरियों का लगभग 20 माह से मानदेय का भुगतान नहीं होने के कारण भुखमरी एवं इलाज के अभाव में ड्यूटी के दौरान स्कूल परिसर में मृत्यु हो गयी है । जनहित में रात्रि प्रहरियों का मानदेय का भुगतान की मांग करता हूं ।

श्री पवन कुमार यादव : अध्यक्ष महोदय, भागलपुर काजवलीचक विस्फोट की उच्च स्तरीय जांच करा कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने, निर्दोष मृतकों के परिजनों को मुआवजा सहित आसपास के ध्वस्त एवं क्षतिग्रस्त मकानों की पुनर्स्थापना एवं इसमें रहने वाले लोगों को पुनर्वास कराने में आर्थिक सहयोग देने की सरकार से मांग करता हूं ।

श्री सत्यदेव राम : अध्यक्ष महोदय, बिहार में प्रतिव्यक्ति आय अन्य राज्यों की अपेक्षा काफी कम है । अनुसूचित जाति/जनजाति एवं गरीबों के लिए बिजली बिल पहाड़ के समान है ।

अत: मैं मांग करता हूं कि पंजाब और दिल्ली की तरह बिहार में भी दलितों और गरीबों को 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाय ।

अध्यक्ष : श्री राम सिंह ।

श्री सत्यदेव राम : महोदय, यह गंभीर मामला है ।

अध्यक्ष : आप की बात है तो गंभीर है बाकी की बात गंभीर नहीं है ? बैठ जाइये ।

श्री सत्यदेव राम : सरकार को इस पर विचार करना चाहिए ।

श्री राम सिंह : अध्यक्ष महोदय, पश्चिमी चम्पारण जिले के प्रखण्ड बगहा एक और पिपरासी प्रखण्ड में गंडक नदी पर पुल नहीं रहने के कारण नदी के इस पार खेती हेतु जाने वाले किसानों की नाव दुर्घटना में अक्सर मौत हो जाती है ।

अत: जनहित में शीघ्र पुल बनाने की मांग करता हूं ।

श्री विजय कुमार : अध्यक्ष महोदय, शेखपुरा जिला के नरेश कुमार शास्त्री सहित राज्य में कोरोना से दिवंगत हुए सभी शिक्षकों के आश्रितों को प्रावधानित चार लाख अनुग्रह राशि का शीघ्र भुगतान कराते हुए अविलम्ब अनुकम्पा बहाली कराने की मांग करता हूं ।

अध्यक्ष : श्री अजीत कुमार सिंह का समरूप होने के कारण रद्द किया गया है । श्री राम रतन सिंह ।

(व्यवधान)

28 नम्बर में पहले ही आ चुका है । श्री राम रतन सिंह ।

श्री राम रतन सिंह : अध्यक्ष महोदय, बेगूसराय जिला अंतर्गत नगर परिषद बीहट के चांदनी चौक के पास एन0एच0-31 पर आइ-ई वॉल के निर्माण से सैकड़ों फुटकर दुकानदारों का रोजगार खत्म हो जायेगा तथा आम जनता को भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा । जिसके कारण क्षेत्र के लोग आंदोलित हैं ।

अतः सरकार से उक्त स्थल पर एलिवेटेड फ्लाईओवर निर्माण की मांग करता हूं ।

टर्न-12/धिरेन्द्र/08.03.2022

श्री वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता : अध्यक्ष महोदय, बिहार सरकार द्वारा बाढ़ व बरसात से बर्बाद होने वाले गन्ना प्रभेदों के रोपे जाने की अनुशंसा के चलते लाखों गन्ना किसान बर्बाद हैं। ऊपर से लौरिया और सुगौली चीनी मिलों ने 40 प्रतिशत बकाया रखा है । यथाशीघ्र गन्ना किसानों के बकाये पैसों की भुगतान की जाय ।

श्री सुर्यकान्त पासवान : अध्यक्ष महोदय, के॰आर॰पी॰ के साथ प्रखण्ड कार्यक्रम समन्वयक मुख्यमंत्री अक्षर अंचल योजना में प्रबोधन का कार्य कर रहे थे, 31 मार्च, 2018 के बाद सरकार ने उनकी सेवा लेना बंद कर दी । पूर्व की तरह साक्षर भारत के प्रखण्ड कार्यक्रम समन्वयकों को सीधे के॰आर॰पी॰ पद पर समायोजित करने की मांग करता हूँ ।

श्री मिथिलेश कुमार : माननीय अध्यक्ष महोदय, राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2019 में आशा कर्मियों को एक हजार रुपये मानदेय लागू किया गया था जो दो महीने देकर बंद कर दिया है । जनहित में उक्त कर्मियों का मानदेय लागू करवाने की सरकार से मांग करता हूँ ।

श्री कृष्णनंदन पासवान : अध्यक्ष महोदय, पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत तुरकौलिया प्रखण्ड मुख्यालय स्थित दुर्गा चौक से वाया कमिटी बाजार होते हुए कोटवा प्रखण्ड के नवगोल चौक तक सड़क को आर॰डब्लू॰डी॰ से पी॰डब्लू॰डी॰ में परिवर्तित करते हुए निर्माण कराने की मांग सरकार से करता हूँ ।

श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव : अध्यक्ष महोदय, पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत पीपरा विधान सभा क्षेत्र के पीपरा बाजार को नगर पंचायत का दर्जा दिलाने हेतु सदन से मांग करता हूँ।

श्री विद्या सागर केशरी : अध्यक्ष महोदय, सरकार द्वारा छात्राओं से नामांकन के समय सभी प्रकार का शुल्क नहीं लेने के आदेश का अनुपालन करने के कारण महिला महाविद्यालयों को होने वाली आर्थिक क्षति की प्रतिपूर्ति का निर्देश है । विश्वविद्यालय के द्वारा सरकार को भेजे गए मांगपत्र के आलोक में प्रतिपूर्ति की राशि अद्यतन अप्राप्त है, प्रतिपूर्ति की मांग सदन से करता हूँ ।

श्री छत्रपति यादव : अध्यक्ष महोदय, खगड़िया जिला के मानसी प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम-सैदपुर के आस-पास सरकारी जमीन है जो अंचलाधिकारी, मानसी एवं जिला प्रशासन के संज्ञान में है चिन्हित कर ग्राम-सैदपुर में खेल मैदान बनाने की मांग सरकार से करता हूँ ।

श्री ऋषि कुमार : अध्यक्ष महोदय, पूरे राज्य में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर कार्यरत सेविका, सहायिका को केरल, दिल्ली एवं अन्य राज्यों की भांति मानदेय का भुगतान करावें ।

श्री राकेश कुमार रौशन : अध्यक्ष महोदय, नालन्दा जिलान्तर्गत इस्लामपुर एवं एकांगरसराय प्रखण्ड में लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के द्वारा चापाकल प्राक्कलन के अनुसार नहीं गाड़ा है, मैं सरकार से इसकी उच्च स्तरीय जाँच करा कर कार्रवाई के साथ शेष बचे चापाकल गड़वाने की मांग करता हूँ ।

श्री मनोज कुमार यादव : अध्यक्ष महोदय, पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत कोटवा प्रखण्ड के जसौलीपटी पंचायत के वार्ड नं०-12 में बमनहर पर जर्जर लोहिया पुल के स्थान पर नये पुल का निर्माण कार्य कराने की मांग करता हूँ ।

श्री प्रमोद कुमार सिन्हा : अध्यक्ष महोदय, पूर्वी चम्पारण जिला के रक्सौल प्रखण्ड अन्तर्गत नोनियाडीह स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्टाफ नहीं रहने के कारण आमजनों को राजकीय चिकित्सा का लाभ नहीं मिल रहा है । मैं उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में नर्स, गार्ड एवं परिचारी उपलब्ध कराने की मांग सरकार से करता हूँ ।

श्री अमरजीत कुशवाहा : अध्यक्ष महोदय, विकास मित्रों का वेतन 12,056/- रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 20,000/- रुपये प्रतिमाह करने तथा बकाया वेतन भुगतान की मांग करता हूँ ।

श्री जय प्रकाश यादव : अध्यक्ष महोदय, अररिया जिलान्तर्गत नरपतगंज प्रखण्ड स्थित बेला पंचायत के मिलन चौक से रिफ्यूजी टोला जानेवाली सड़क में बाढ़ से क्षतिग्रस्त बौछहा नदी पर पुल निर्माण की मांग सदन के माध्यम से करता हूँ ।

श्री विजय कुमार खेमका : अध्यक्ष महोदय, राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय पूर्णिया में सी0आर0 मशीन खराब रहने से आकस्मिक हादसे वाले हड्डी रोगी का ऑपरेशन करने हेतु हायर सेंटर ले जाने में काफी कठिनाई होती है ।

अतः मैं सरकार से चिकित्सा महाविद्यालय पूर्णिया में हड्डी रोगियों के ऑपरेशन हेतु सी0आर0 मशीन शीघ्र चालू कराने की मांग करता हूँ ।

श्री गोपाल रविदास : अध्यक्ष महोदय, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विधान सभा के अंदर महिलाओं के लिए स्पेशल बैठने के लिए लॉबी की अलग से व्यवस्था करने की मांग करता हूँ ।

श्री छोटे लाल राय : अध्यक्ष महोदय, सारण जिलान्तर्गत प्रखण्ड-परसा के पंचायत-परसौना के ग्राम-परसादी, परसौना एवं बारबे में बरसात के पानी से लगभग तीन माह पानी का जल-जमाव रहता है, जिस कारण उक्त गाँव के लोगों को घर से निकलना मुश्किल होता है । मैं सरकार से उक्त गाँवों के जल निकासी हेतु नाला निर्माण करने की मांग करता हूँ।

श्री कुमार शैलेन्द्र : अध्यक्ष महोदय, भागलपुर जिला के बिहपुर विधान सभा अन्तर्गत खरीक प्रखण्ड में उर्दू चौक से खरीक बाजार होते हुए गोल चौक तक सालों भर जल जमाव रहता है । प्रखण्ड मुख्यालय एवं अस्पताल जाने की मुख्य सड़क है ।

अतः सरकार से जल निकासी हेतु बड़ा नाला बनवाने की मांग करता हूँ।

श्री रणविजय साहू : माननीय अध्यक्ष महोदय, खगड़िया जिला के चौथम थाना अन्तर्गत कांड सं॰-250/21 ई-रिक्सा चालक त्रिलोकी नाथ साह, पिता-स्व॰ दीप नारायण साह को अपराधियों ने 13.11.2021 को ही अगवा कर लिया । अगवा ई-रिक्सा चालक की सकुशल वापसी एवं घटना में शामिल अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग करता हूँ ।

श्री महबूब आलम : अध्यक्ष महोदय, कटिहार जिलान्तर्गत कदवा विधान सभा के लोगों को बारसोई अनुमंडल मुख्यालय तथा बलरामपुर विधान सभा के लोगों को कटिहार जिला मुख्यालय तक आने के लिए बारसोई प्रखण्ड के कोटा-कसवा टोली घाट में कभी चचरी पुल तो कभी नाव से आना-जाना पड़ता है, घाट पर पुल निर्माण की मांग करता हूँ ।

श्री ललित नारायण मंडल : अध्यक्ष महोदय, भागलपुर जिला के सुल्तानगंज प्रखण्ड के भीरखुर्द पंचायत के स्टेडियम में चहारदीवारी का निर्माण किया जाय ।

श्री प्रह्लाद यादव : अध्यक्ष महोदय, लक्खीसराय जिला के पिपरिया प्रखण्ड के मुड़वरीया गाँव के स्व॰ हरेराम यादव की मृत्यु 06.07.2019 को बिजली के करेंट लगने से हो गया साथ ही इसी प्रकार जिला में भिन्न-भिन्न दुर्घटना में दर्जनों व्यक्ति की मृत्यु हुई है लेकिन जिला प्रशासन की लापरवाही से आजतक मुआवजा नहीं मिला ।

अतः सरकार से मांग है कि मृतक परिवार को मुआवजा दिलावें ।

अध्यक्ष : शेष शून्यकाल की सूचनाएं पढ़ी हुई मानी जाती है, उन्हें शून्यकाल समिति को सुपुर्द कर दिया जायेगा ।

## शून्यकाल की पढ़ी हुई मानी गयी सूचनाएं

श्री मिश्री लाल यादव : अध्यक्ष महोदय, दरभंगा जिला घनश्यामपुर प्रखण्ड अन्तर्गत कोर्थू हनुमान मंदिर से नभरपट्टी तक सड़क का निर्माण करने की मांग सरकार से करता हूँ ।

श्री शमीम अहमद : अध्यक्ष महोदय, पूर्वी चम्पारण जिला के बंजरिया प्रखण्ड अन्तर्गत बूढ़ी गंडक नदी के किनारे अवस्थित ग्राम-कपरसंडी, मोखलिशपुर, गोबरी, सिसवनिया, महम्मदपुर, जटवा, जनेरवा, खैरी एवं सुन्दरपुर में बेडवार (बाढ़ निरोधक) कार्य शीघ्र करावे ।

श्री निरंजन राय : अध्यक्ष महोदय, मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत गायघाट प्रखण्ड में बेनीबाद चौर के हजारों एकड़ भूमि जल-जमाव के कारण प्रत्येक वर्ष कृषि से वंचित हो जा रहा है, किसानों के क्षति की भरपाई हेतु उक्त चौर में पक्की नहर स्लूईस गेट के साथ निर्माण कराने की मांग सरकार से करता हूँ ।

श्री भरत बिन्द : अध्यक्ष महोदय, कैमूर जिला अन्तर्गत भभुआ प्रखण्ड के बनजरियां गाँव में आजतक कोई पक्की सड़क नहीं बनने के कारण वहां के नागरिकों को आवागमन में काफी परेशानी होती है । सरकार से पक्की सड़क बनाने की मांग करता हूँ ।

श्री संजय कुमार सिंह : अध्यक्ष महोदय, आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है । हमारे प्रदेश की जीविका दीदियों ने समाज में अपने महत्वपूर्ण योगदान के बल पर समाज में क्रांतिकारी परिवर्तन लायी हैं । मैं जीविका दीदियों का मानदेय कम से कम 10,000/-(दस हजार) रुपये करने की मांग सरकार से करता हूँ ।

श्री विनय बिहारी : अध्यक्ष महोदय, लौरिया नंदन गढ़ महोत्सव तथा महर्षि वाल्मीकि महोत्सव जो पिछले पाँच वर्षों से नहीं हो रहा है उसे आपके माध्यम से करवाने की मांग करता हूँ ।

श्री मुरारी मोहन झा : अध्यक्ष महोदय, दरभंगा जिला के केवटी प्रखण्ड अन्तर्गत माधोपट्टी में स्थापित प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय (वाइट) के कैम्पस में बाउंड्रीवाल, मिट्टीकरण और करोड़ों रुपये से निर्मित छात्रावास अव्यवस्थित रहने के कारण प्रशिक्षण के कार्यों में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है । जिसके समाधान हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।

श्री मोहम्मद अनजार नईमी : अध्यक्ष महोदय, किशनगंज जिलान्तर्गत टेढ़ागाछ के झाला पंचायत में लालबेगी अनुसूचित जाति है । घरामी तथा सुतिहार उसका उप-जाति है जिसे 1972 में

बंदोबस्ती का परवाना प्राप्त है, भूलवश बिहार सरकार के गजट में अंकित नहीं है । मैं सरकार से घरामी तथा सुतिहार जाति को गजट में अंकित करने की मांग करता हूँ ।

श्री रामचन्द्र प्रसाद : अध्यक्ष महोदय, दरभंगा जिला के बहेड़ी प्रखंड अन्तर्गत चकवा भखाड़ी पंचायत का प्राथमिक विद्यालय मानोपुर का छत पूर्णत: जर्जर है, कभी भी दुर्घटना हो सकती है ।

अत: इसका जीर्णोद्धार करने की मांग करता हूँ ।

श्री प्रणव कुमार : अध्यक्ष महोदय, मुंगेर के शिक्षक मुकुंद बिहारी पर निगरानी के द्वारा केस होने के कारण प्रशिक्षण परीक्षा में भाग नहीं लेने दिया गया । केस से बरी होने के बाद यह बोलकर योगदान नहीं कराया जा रहा है कि आप प्रशिक्षित नहीं हैं ।

अत: सरकार से मुकुंद बिहारी को नियुक्त कराने की मांग करता हूँ ।

श्री संदीप सौरभ : अध्यक्ष महोदय, छठे चरण में एस0टी0ई0टी0-2011/12 को समीक्षोपरांत तत्काल नियुक्ति पत्र दी जाय । इनकी नियोजन प्रक्रिया तथा विद्यालय आवंटन हो चुका है । 2019 से इनकी दो बार काउंसिलिंग हुई लेकिन 16 बार रि-शिड्यूल किया गया । 17-18 फरवरी, 2022 को नियुक्ति पत्र मिलना था, जिसे पुन: स्थगित किया गया ।

श्री मोतीलाल प्रसाद : अध्यक्ष महोदय, दिनांक 21 फरवरी, 2022 को कुछ असमाजिक तत्व द्वारा सारण जिला के बनियापुर थाना अन्तर्गत खवसी ग्राम में स्वामी विवेकानंद विद्यापीठ विद्यालय के संचालक राजन प्रसाद के साथ दिनदहाड़े मारपीट कर नगद व कार लेकर भाग गया, जिसका कांड संख्या-99/22 दर्ज है ।

अत: उक्त कांड संख्या-99/22 में अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाय ।

श्री संतोष कुमार मिश्र : अध्यक्ष महोदय, रोहतास जिला के करगहर बाजार में निर्मित बाबू जगजीवन राम स्टेडियम पिछले दस वर्षों से जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है तथा विभाग की उपेक्षा का शिकार है । उक्त स्टेडियम के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण तथा खेलो इंडिया खेलो योजना से जोड़ने की मांग सरकार से करता हूँ ।

श्री सुदामा प्रसाद : अध्यक्ष महोदय, भोजपुर जिला अंतर्गत बिहटा के ददन पासवान को अपराधियों ने गोली मार कर बुरी तरह घायल कर दिया । इसलिए मैं सदन के माध्यम से तत्काल अपराधियों की गिरफ्तारी और मुआवजा देने की मांग करता हूँ ।

श्री अजय यादव : अध्यक्ष महोदय, गया जिला के प्रखण्ड-मोहड़ा में निर्माणाधीन गंगा जल उदवह जलाशय परियोजना में प्राक्कलन के अनुरूप संवेदक को बाहर से मिट्टी लाकर मिट्टीकरण कार्य करवाने एवं पूर्व में किसानों के जमीन से उठायी गयी मिट्टी का मुआवजा भुगतान करने हेतु शून्यकाल के माध्यम से ध्यान आकृष्ट करवाता हूँ ।

श्री सतीश कुमार : अध्यक्ष महोदय, मखदुमपुर विधान सभा के मखदुमपुर मुस्सी मोड़ से बराबर तक जाने वाली पथ निर्माण विभाग की सड़क के दोनों तरफ स्ट्रीट लाइट करोड़ों रुपये की लागत से लगवाया गया है जो वर्षों से बंद पड़ी है । इसे सदन से चालू करवाने की मांग करता हूँ ।

अध्यक्ष : अब सभा की कार्यवाही 2.00 बजे दिन तक के लिए स्थगित की जाती है ।

टर्न-13/संगीता/08.03.2022

(अंतराल के बाद)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

अध्यक्ष : सभा की कार्यवाही प्रारंभ की जाती है । अब वित्तीय कार्य लिए जायेंगे ।

वित्तीय कार्य

माननीय सदस्यगण, कृषि विभाग के अनुदान की मांग पर वाद-विवाद तथा सरकार का उत्तर एवं मतदान होगा । इसके लिए 3 घंटे का समय उपलब्ध है । विभिन्न दलों को उनकी सदस्य संख्या के आधार पर समय का आवंटन निम्न प्रकार किया जाता है, इसी समय में से सरकार को उत्तर के लिए समय भी दिया जाएगा ।

| | |
|---|---|
| राष्ट्रीय जनता दल | - 56 मिनट |
| भारतीय जनता पार्टी | - 55 मिनट |
| जनता दल (यूनाइटेड) | - 33 मिनट |
| इंडियन नेशनल कांग्रेस | - 14 मिनट |
| सी0पी0आई0(एम0एल0) | - 09 मिनट |
| ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन | - 04 मिनट |
| हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा | - 03 मिनट |
| विकासशील इंसान पार्टी | - 02 मिनट |
| सी0पी0आई0(एम0) | - 02 मिनट |
| सी0पी0आई0 | - 02 मिनट |

माननीय मंत्री, कृषि विभाग अपनी मांग प्रस्तुत करें ।

श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह, मंत्री : अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि

''कृषि विभाग के संबंध में 31 मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले वर्ष के भीतर भुगतान के दौरान जो व्यय होगा, उसकी पूर्ति के लिए 35,84,31,36,000/- (पैंतीस अरब चौरासी करोड़ इक्कतीस लाख छत्तीस हजार) रुपये से अनधिक राशि प्रदान की जाय ।''